BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS

COMPILED BY MEDIA CELL (25.10.2024)

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 25.10.2024, PAGE-04

शोध के तकनीकी पहलुओं की दी जानकारी

मुजफ्फरपुर. विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में पीएचडी कोर्स वर्क 2021 प्रमाण पत्र वितरण के साथ ‛प्राचीन भारत में राजशास्त्र व राजनीतिशास्त्र विषय पर विशिष्ट व्याख्यान हुआ. अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो नीलम ने की. मुख्य अतिथि विवि के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय रहे. उन्होंने प्रमाण पत्र वितरण कर, शोधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए प्रेरित किया. शोध छात्रों को शोध की तकनीकी पहलुओं को उत्कृष्ट करने पर बल दिया. प्रो ओम प्रकाश राय, डॉ अमर बहादुर शुक्ल व डॉ भारती सेहता ने भी विचार रखे. इस अवसर पर सीसीडीसी प्रो मधु सिंह, डॉ दिलीप, डॉ रक्षा सिंह, इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो रेणु, अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष प्रो विनीता वर्मा व डॉ अनीता, रामदयालु सिंह महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान के अध्यक्ष डॉ रजनीकांत पांडे, डॉ देवेंद्र प्रताप तिवारी उपस्थित थे.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 25.10.2024, PAGE-04

विवि में पीजी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा की तैयारी शुरू

मुजफ्फरपुर.बीआरएबीयू में पीजी सत्र 2023-25 के सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा को लेकर तैयारी शुरू हो गयी है. विवि की ओर से परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि तय करते हुए, विभागाध्यक्षों व संबंधित कॉलेज के प्राचार्यों को पत्र भेजा गया है. इसके तहत 12 नवंबर तक तय शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भरा जायेगा. वहीं 13 से 15 नवंबर तक 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म स्वीकार किया जायेगा. पहले परीक्षा के लिए विवि से 22 अक्तूबर की तिथि प्रस्तावित थी. लेकिन, अब तक परीक्षा फॉर्म भी नहीं भरे जाने से छात्र परेशान थे. विभाग से जवाब नहीं मिलने पर छात्रों ने विश्वविद्यालय पहुंचकर अधिकारियों से अनुरोध किया.परीक्षा नियंत्रक से मिलकर फॉर्म भरने व परीक्षा कराने की मांग की. कुलपति के आदेश पर गुरुवार को परीक्षा फॉर्म के लिए नोटिस जारी किया गया. जिसमें 24 अक्टूबर से 12 नवंबर तक फॉर्म भरने का समय दिया गया है.

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE : 25.10.2024, PAGE-04

पीजी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा अगले महीने, 12 नवंबर तक भरा जाएगा फॉर्म

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी सत्र 2023-25 के सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि निर्धारित करते हुए सभी विभागाध्यक्ष व संबंधित कॉलेज के प्राचार्यों को पत्र भेजा गया है। 12 नवंबर तक निर्धारित शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भरा जाएगा। वहीं, 13 से 15 नवंबर तक 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म स्वीकार किया जाएगा। पीजी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय की ओर से 22 अक्टूबर से तिथि प्रस्तावित थी। लेकिन, अब तक परीक्षा फॉर्म भी नहीं भरे जाने के कारण छात्र परेशान थे। विभाग से कोई जवाब नहीं मिलने पर छात्रों ने विवि पहुंचकर अधिकारियों से अनुरोध किया। परीक्षा नियंत्रक से मिलकर शीघ्र परीक्षा फॉर्म भरने और परीक्षा कराने की मांग की। कुलपति के आदेश पर गुरुवार को परीक्षा फॉर्म के लिए नोटिस जारी किया गया। इसमें 24 अक्टूबर से 12 नवंबर तक फॉर्म भरने का समय दिया गया है।